Regarding a Direct Train from Jabalpur to Amritsar

श्री आशीष दुबे (जबलपुर) **:** सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से सबसे पहले जबलपुर को धन्यवाद देता हूं, जबलपुर की जनता को प्रणाम करता हूं, जिन्होंने मुझे आशीर्वाद देकर अपनी सेवा करने का अवसर लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में प्रदान किया है ।

महोदया, आज मैं आपके माध्यम से जबलपुर के लिए एक बात रखना चाहता हूं । विगत दिनों की बात है, जबलपुर-गोंदिया रेलवे लाइन एक नैरोगेज रेल लाइन हुआ करती थी और यह ब्रॉडग्रेज में परिवर्तित हुई है । इसमें बहुत बड़ी भूमिका हमारे पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार की थी । आज मैं आपके माध्यम से बोलना चाहता हूं कि जबलपुर की दक्षिण भारत से जो दूरी है, पहले इटारसी होकर जाते थे, उसको कम करने के लिए जबलपुर-गोंदिया रेलवे लाइन को ब्रॉडगेज में बदला गया ।

महोदया, आज मैं आपके माध्यम से इस सदन में अपनी मांग रखता हूं कि वर्तमान में यह लाइन शुरू तो हो गई है, लेकिन यह लाइन सिंगल होने की वजह से इसका अधिकतम लाभ जो इस क्षेत्र को मिलना चाहिए, वहां की जनता को मिलना चाहिए, शायद वह नहीं मिल रहा है । इसका दोहरीकरण जितनी शीघ्रता से होगा, मुझे लगता है कि उसका लाभ जनता को भी मिलेगा और क्षेत्र को भी मिलेगा ।

इसके साथ ही, चूंकि जबलपुर संस्कारधानी कहलाता है । लंबे समय समय से जबलपुरवासियों की एक मांग रही है ।? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, एक विषय पर आपकी मांग हो चुकी है ।

? (व्यवधान)

श्री आशीष दुबे **:** सभापति महोदया, इस विषय को रखकर मैं अपनी बात समाप्त करूंगा । जबलपुरवासियों की जबलपुर से अमृतसर के लिए एक सीधी रेल की माँग लगातार लंबे समय से है । आज मैं आपके माध्यम से उसकी भी माँग रखता हूं । बहुत-बहुत धन्यवाद ।